राँची की रचिता की ‘मेडीसेवा’टॉप 75 वीमेनप्रेन्योर में

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2022 को झारखंड के राँची की रचिता कासलीवाल का स्टार्टअप ‘मेडीसेवा-अच्छी सेहत का वादा’को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय विज्ञान और जय अनुसंधान की श्रेणी में बेहतर पहल बताते हुए इसे देश भर के टॉप 75 वीमेनप्रेन्योर में चुना है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर ‘इनोवेशन फॉर यू’की पहल की थी, जिसमें खासकर महिलाओं के स्टार्टअप को शामिल किया गया।
- रचिता के ‘मेडीसेवा’ की पहल से वर्तमान में पाँच राज्यों को लाभ मिल रहा है तथा इसके अलावा इससे 400 से अधिक लोग सीधे रोज़गार से जुड़े है।
- रचिता ने बताया कि मेडीसेवा का आइडिया उन्हें कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा के अभाव को देख कर आया, जो समय के साथ फल-फूल रहा है। यह स्टार्टअप दिसंबर, 2020 से शुरू हुआ था तथा अब दिसंबर, 2022 से अंतर्राष्ट्रीय रुख करते हुए अपनी सेवा नेपाल में भी उपलब्ध कराएगा।
- रचिता ने बताया कि उनका स्टार्टअप ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सेवा की उपलब्धता पूरी कर रही है, जिसके तहत सुदूर ग्रामीण इलाकों में मेडिकल सेंटर तैयार किये जा रहे हैं, जहाँ लोगों को चिकित्सा परामर्श से लेकर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से जोड़ा जा रहा है। मेडिकल सेंटर में जनरल फिजिशियन मेडिकल वाइटल मशीन के ज़रिये लोगों का प्राथमिक उपचार में मदद करते हैं और ज़रूरत पढ़ने पर सेंटर के डॉक्टर तकनीकी सुविधा से लेकर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से ग्रामीणों को जोड़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है।
- ज्ञातव्य है कि मेडीसेवा वर्तमान में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और असम के ग्रामीण इलाकों में विस्तार कर चुकी है। इन राज्यों में 50 मेडिकल सेंटर ग्रामीण इलाके के लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहे हैं।
- रचिता कहती हैं कि मेडीटेक के इस आइडिया को 12वीं पास व्यक्ति अपने रोज़गार के लिये अपना सकता है। इसके लिये व्यक्ति के पास 10×10 का जगह, कंप्यूटर, इंटरनेट व अन्य संसाधन होने चाहिये। इसके बाद संस्था से संपर्क कर फ्रेंचाइजी की औपचारिकता 5000 रुपए के साथ पूरी कर सकेंगे।
- इस रकम से 2500 रुपए और 18% टैक्स को फ्रेंचाइजी शुल्क के तौर पर लिया जाएगा। वहीं, शेष 1500 रुपए सेंटर के संचालक के वॉलेट में उपलब्ध करा दिये जाएंगे, जिससे व्यक्ति प्रारंभिक कंसल्टेंसी शुल्क को पूरा करा सके। इसके अलावा मेडिकल सेंटर की अन्य सुविधाएँ मेडीसेवा की तर्ज़ पर उपलब्ध कराई जाएंगी।
- रचिता के सबसे कम लागत से रोज़गार सृजन के आइडिया की वजह से इसे देश के वीमेनप्रेन्योर में जगह मिली है।
- गौरतलब है कि रचिता मेडीसेवा - ग्लोबल इंटरप्रेन्योर समिट 2022, ग्लोबल हैकथॉन 2022, हार्ट पिच कंपीटिशन 2022, टाइकॉन बिजनेस पिच कंपीटिशन 2022 की विजिता रही है। इसके अलावा वह स्टार्टअप इंडिया स्कीम के तहत 35 लाख रुपए व हॉर्सटेबल शो से 1.15 करोड़ रुपए की सीड फंडिंग हासिल कर चुकी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rachita-s-mediceva-from-ranchi-among-top-75-womenpreneurs